CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com मो.7014373732



वर्षः 01 | अंकः 356 | जयपुर | 13 अगस्त 2023 | रविवार | मूल्यः रु. 5 | पृष्ठः 04

# विधायक आवास परियोजना के निर्माण से संवैधानिक मूल्यों को मिली मजबूती:अशोक गहलोत

**मुख्यमंत्री ने किया ह्यविधायक आवास परियोजनाह्न का लोकार्पण, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नगरीय विकास मंत्री और नेता प्रतिपक्ष ने की आयुक्त पवन अरोड़ा की कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा, मुख्यमंत्री ने कहा पवन अरोड़ा हैं करामाती, काम में उनका कोई नहीं सानी**



जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा विधायक नगर (पश्चिम) में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त विधायक आवास परियोजना का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और नगरीय विकास मंत्री शान्ति कुमार धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ विशिष्ठ अतिथि रहे। साथ ही सभी मंत्रीगण और विधायकगण भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कई फैसले ऐसे होते हैं, जो इतिहास में दर्ज हो जाते हैं। जयपुर में विधायक आवास परियोजना के निर्माण से प्रदेश का नाम इतिहास में दर्ज होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक इस आवास परियोजना में बैठकर सार्थक चर्चा कर सकेंगे। इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना ने हमारी सरकार की इच्छा शक्ति से मूर्तरूप लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक आवास परियोजना के बनने से विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायकों में सहयोग व भ्रातृत्व की भावना बनी रहेगी। इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। वर्षों से लंबित विधायकों की आवास समस्या का समाधान करते हुए विधायक आवास परियोजना को मंजूरी दी। सभी के सहयोग से यह परियोजना आज साकार हो गई है। परियोजना में सम्पूर्ण फ्लैट्स पूर्ण सुविधाओं के साथ सुसज्जित तरीके से तैयार करवाये गये है। इतने बड़े प्रोजेक्ट का रिकॉर्ड 23 माह में पूर्ण होना ही अपने आप में एक आश्चर्यजनक बात है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना की सुविधाओं का लाभ वर्तमान विधायकों के साथ पूर्व विधायकों को भी मिलेगा। यह परियोजना प्रदेश की अनूठी, मनभावन और शानदार होगी।

## अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है विधायक आवास

गहलोत ने कहा कि आवासन मंडल ने सम्पूर्ण फ्लैट्स इतनी सुविधाओं के साथ सुसज्जित तरीके से तैयार करवाये हैं कि विधायकों को किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। ये आवास पूर्ण रूप से सुसज्जित और फुली फर्निश्ड हैं। विधायकों के लिए सभी जरूरी सुविधाओं का ख्याल इनमें रखा गया है। उन्होंने कहा कि हर कमरे का इंटीरियर, कलर स्कीम्स, पर्दे, पेंटिंग्स, कारपेट, एंटिक और ओरनामेंटल ऑब्जेक्ट्स बहुत ही खूबसूरत हैं। हर फ्लैट में लगाए गुणवत्तायुक्त और आकर्षक फर्नीचर, डबल बेड, सोफा, कुर्सियां, डाइनिंग टेबल, एलईडी, फ्रीज, एसी, पंखे, आरओ, मॉडयूलर किचन, साज-सज्जा जैसी लक्जरी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। विधायकों को ऊजार्वान और फिजिकली फिट बनाए रखने के लिए सेन्ट्रल पार्क, क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, जिम, योग-मेडिटेशन सेंटर, बिलियर्डस् व टेबल टेनिस, इन्डोर गेम्स का भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि छह बहुमंजिले टॉवर (जी+8) में 3 हजार 200 स्क्वायर फीट वाले कुल 160 फ्लैट्स में विधायकगणों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। पूरे परिसर के कॉमन एरिया (पार्किंग, ड्राइव वे, बेसमेंट, लिफ्ट) में 80 से ज्यादा अत्याधुनिक और हाई रेंज के सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऑटोमैटिक बूम बैरियर, बैग स्कैनर सबसे खास ह्यइंट्रूडर अलर्ट सिस्टमह्न है, जिससे कोई भी अवांछित व्यक्ति भवन में यदि बिना अनुमति के प्रवेश करेगा तो अलार्म बज जाएगा। इसके अलावा 24 घण्टे सिक्योरिटी गार्ड्स का भी इंतजाम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगण के लिए परिसर में डबल बेसमेंट में स्मार्ट पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसमें दोनों मंजिलों को मिलाकर 921 चौपाहिया वाहन-ईसीयू (इक्वेलेंट कार यूनिट) एक साथ पार्क





और मुख्य द्वार पर अंडर व्हीकल स्कैनर लगाया गया, जिसकी स्पाय आई किसी गडबड़ी पर तुरंत सिस्टम को अलर्ट करेगी। सुरक्षा के मामले में किए जा सकेंगे। विधायकों द्वारा पार्किंग एप डाउनलोड करने पर पार्किंग से जुड़ी तमाम जानकारियां मोबाइल पर भी उपलब्ध हो सकेंगी। फुली डिजिटल डिस्प्ले और जीपीएस से जुड़ी पार्किंग यूजर को ऑटोमेटिक खाली जगह ट्रेस कर सूचित भी कर सकेगी। परिसर के प्रत्येक ब्लॉक में विधायकगण से मिलने के लिए क्षेत्र से आने वाले आगंतुकों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर रिसेप्शन, वेटिंग लॉन्ज, एडमिनिस्ट्रेटिव मीटिंग हॉल, मल्टीपपर्स हॉल, कॉन्फ्रेंस हॉल, पेंट्रिज, वॉशरूम्स, ड्राइवर डोरमेट्री कक्ष, लिफ्ट, सर्विस लिफ्ट और हर ब्लॉक्स पर 26 गेस्ट रूम (22 कमरे, 4 सुइट) भी बनाए गए हैं। इसके अलावा विधायकगण की सुविधा के लिए कॉफी हाउस, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, सैलून, शॉप्स भी बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त एलौपेथी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यानी विधायकों को किसी भी काम के लिए बाहर नहीं जाना पडेगा।

## करामाती हैं पवन अरोड़ा, काम में उनका कोई नहीं सानी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा करामाती हैं। काम के मामले में उनका कोई सानी नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान आवासन मण्डल के काम से काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि आयुक्त ने अपने काम से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि आयुक्त पवन अरोडा ने मृत हो चुके आवासन मंडल को नगरीय विकास मंत्री श्री शांति धारीवाल के मार्गदर्शन में जिंदा कर दिया। उन्होंने कहा कि आज जब मैं पीछे मुड़ कर देखता हूं, तो मुझे लगता है कि यह एक उचित निर्णय था कि विधायक आवास परियोजना के निर्माण का कार्य जेडीए से हटाकर हमनें राजस्थान आवास मण्डल को सौंपा। जिस तरह की डिजाइन आवासन मण्डल ने तैयार की और जिस तेजी से कार्य को पूर्ण किया वह वाकई शानदार और मनभावन है। मंडल ने न केवल परियोजना को समय से पहले पूर्ण किया अपितु गुणवत्ता और खुबसूरती पर भी पूरा ध्यान दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने विधायक आवास परियोजना के विचार को मूर्त रूप देने एवं वित्तीय प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यहां विधायक एक-दूसरे के प्रति भ्रातृत्व की भावना को जिंदा रख पाएंगे एवं उनके आपसी संबंध प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने आयुक्त की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में राजस्थान आवासान मण्डल की टीम ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को समय पर पूरा किया वो वाकई काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना में जिस तरह काम किया गया है, वह सीखने वाली बात है। जोशी ने कहा कि परिसर में बच्चों के खेलते हुए स्क्ल्पचर भी आकर्षण का केन्द्र है, जो सबके लिये एक उल्लास का वातावरण बनाते हैं। परिसर के बीच ही शानदार फाउंटेन एवं म्यूजिकल वॉक-वे भी बनाया गया है जहां विधायकगण सुबह- शाम योगा व वॉक भी कर सकेंगे। पूरी तरह वाय-फाई सुविधा से लैस विधायक आवास में 25 ईवी चार्जिंग स्टेशन का भी निर्माण किया गया है, जिसमें सभी तरह के इलेक्ट्रोनिक व्हीकल्स को चार्ज किया जा सकेगा।नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत बनाने का जो ध्येय है, उसे विधायक आवास परियोजना एवं कॉन्स्टीट्यूशन क्लब जैसे कार्यों से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना से विधायकों के बीच सद्भाव का माहौल बनेगा। मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप विधायक आवास परियोजना के साथ-साथ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का कार्य भी समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा।

## कमाल की है ग्रीनरी और लैंडस्केपिंग

अशोक गहलोत ने बताया कि विधायक आवास परिसर की ग्रीनरी पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। प्रदेश की जलवायु को ध्यान में रखते हुए विदशों और हैदराबाद एवं पुणे से मंगवाएं आकर्षक श्रब्स, पैरेफिरयल-ओरनामेंटल प्लांट, ग्राउंड कवर और पेड़ों की खुबसूरती में मंडल की सोच साफ नजर आती है। ये पौधे इतने मनोहारी हैं कि आपको जयपुर में कहीं और देखने को नहीं मिलेंगे। यहां की लैंडस्केपिंग को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हुए बिना नहीं रह सकता। आवासन आयुक्त और उनकी टीम ने बहुत ही रूचि लेकर ग्रीनरी पर काम किया है। इस परियोजना का सबसे खूबसूरत पक्ष सेन्ट्रल लॉन में नजर आया, जहां राजस्थानी स्थापत्य कला के अनुरूप बारहदरी बनाई गई हैं, जहां आमेर की केसर क्यारियों की झलक भी देखने को मिलती है। जो मनोहर और खुशनुमा माहौल बनाती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आवासन मण्डल ने विधायक आवास परियोजना के नाम से मौके पर शुरू से ही एक प्रकोष्ठ ही स्थापित कर दिया जिसमें अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता और टीम ने खुद खडे. होकर इस प्रोजक्ट का काम करवाया और उसके साथ ही गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को भी मौके पर ही स्थापित किया गया। आवासन आयुक्त और चीफ इंजीनियर की टीम ने सैंकड़ों साइट विजिट की और इसे एक चैलेंज के रूप में लिया। इसको देखते हुए मैं यह कहूंगा कि ऐसी प्र्रक्रिया अन्य विभागों को भी अपनानी चाहिए कि मौके पर ही सभी कार्यों को देख उन्हें पूरा किया जा सके।

# गंभीर मुद्दे पर पीएम की चुप्पी आश्चर्यजनक: गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि मणिपुर में हालात बद से बदतर हो चुके हैं। महिलाओं के साथ लगातार रेप, हिंसा की घटनाएं हो रही है। सौ से ज्यादा रेप के मामले सामने आ चुके हैं। हजारों की संख्या में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन प्रधानमंत्री संसद में जाकर सिर्फ हंसी ठिठोली कर रहे हैं। उन्होंने दो घंटे के भाषण में मणिपुर का सिर्फ दो मिनट जिक्र किया, जबकि इस तरह के गंभीर मुद्दे पर उन्हें अच्छे से अपनी बात रखनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री गहलोत शनिवार को जयपुर के दुगार्पुरा स्थित कृषि अनुसंधान केन्द्र में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महापंचायत ह्ययुवा संकल्पह्न कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री कहते हैं मेरे हाथ में कुछ नहीं है, तब मोदी जी को वहां राष्ट्रपति शासन लागू करवा देना चाहिए। वहां गवर्नर उनके ही तो हैं। उन्हीं के एडवाइजर होते, शासन उन्हीं का रहता, लेकिन न जाने क्यों वह सख्त कदम नहीं उठा रहे। ऐसे में अब देश की जनता भी जानना चाहती है कि प्रधानमंत्री मणिपुर मामले पर चुप क्यों हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा में फूट पड़ चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी की अब उनकी पार्टी के नेता ही इज्जत नहीं करते। उनकी ही पार्टी में सम्मान खत्म होना उनके लिए चिंता की बात होनी चाहिए, क्योंकि पब्लिक में उनकी इज्जत थी, वह तो पहले ही कम हो गई है। अब उनकी पार्टी में भी लगातार उनकी इज्जत कम हो रही है। गहलोत ने कहा कि भाजपा की संसदीय दल की बैठक में अब किस तरह के हालात बन गए हैं। पहले और अब, मोदी को लेकर किस तरह के हालात बदल गए हैं। हम तो सिर्फ यही चाहते हैं कि भारत देश एक और अखंड रहे। उसके लिए पूरे देशवासियों को चाहिए कि वह किसी भी पार्टी या विचारधारा के क्यों न हों, सबको देश प्रेम और भारत माता के लिए एकजुट रहना चाहिए। गहलोत ने कहा कि देश में आज हिंसा और अराजकता का




माहौल पैदा हो चुका है। लगातार हिंसा फैल रही है। संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं। लोकतंत्र खतरे में आ चुका है। इनकम टैक्स, सीबीआई का जिस तरह से इस्तेमाल हो रहा है, उसे अब जनता भी समझ गई है। मैं तो यह चाहता हूं कि नई पीढ़ी के लोग भी राजनीति में आएं, लेकिन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी से पार्टी के प्रति समर्पित होकर साथ कम करें। इससे न सिर्फ उनका बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। अगर नई पीढ़ी का कमिटमेंट ही नहीं होगा। सिर्फ पद लेने तक ही सीमित हो जाएंगे। मैं कुछ बन जाऊं, पद लेकर बैठ जाऊं। पद ले सकते हैं। कई लोगों को पद मिल भी जाते हैं, लेकिन ऐसे लोग पार्टी और देश का भला नहीं कर सकते। गहलोत ने कहा कि भाजपा के नेताओं का मुस्लिम प्रेम जाग रहा है। यह अच्छी बात है। मैं तो चाहता हूं कि सभी धर्मों के लोगों और जातियों के प्रति उनका प्यार जागृत हो। मैं तो प्रार्थना करता हूं प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और संघ के लोगों का मुस्लिम, ईसाई, फारसी, जैन, सिख और दलितों समेत सभी जातियों के प्रति प्रेम जागृत हो। हालांकि मेरा अनुभव कहता है कि ये लोग ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि इन्होंने 70 साल में न महात्मा गांधी का नाम लिया और न ही सरदार पटेल और डॉ. भीमराव अंबेडकर का। सिर्फ गुजरात में चुनाव जीतने के लिए सरदार पटेल का बड़ा स्टैच्यू बना दिया। गहलोत ने कहा कि बीजेपी के नेता कहते हैं कांग्रेस में वंशवाद चल रहा है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं हमारी पार्टी की उनको क्या पंचायती है। बीजेपी के नेता कांग्रेस मुक्त भारत बनाने की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस कभी खत्म नहीं होगी, क्योंकि देश के हर घर में कांग्रेस बसती है। कांग्रेस की नहीं बल्कि इनकी पार्टी की हालत खराब होने वाली है, फूट पड़ चुकी है। छात्रसंघ चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि शिक्षा राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ही फैसला करेंगे। हालांकि मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि जब चुनाव बंद हो गए थे। तब मैं ही वह मुख्यमंत्री हूं, जिसने फिर से चुनाव शुरू करवाए थे। हमसे बड़ा कमिटमेंट चुनाव को लेकर किसी और का नहीं हो सकता। आज इस तरह से स्टूडेंट पैसे खर्च कर रहे हैं, जैसे एमएलए-एमपी के चुनाव लड़ रहे हों। आखिर कहां से पैसा आ रहा है और इतने पैसे क्यों खर्च किए जा रहे हैं, जबकि यह सब लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के खिलाफ है। छात्र नेता उसकी धज्जियां उड़ा रहे हैं, उसको हम पसंद नहीं करते हैं।

## विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया:नरेंद्र मोदी

हावड़ा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया। मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। नरेंद्र मोदी ने



बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैये और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानसून सत्र की शुरूआत से पहले होम मिनिस्टर अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे, क्योंकि वोटिंग होती तो घमंडिया गठबंधन की पोल खुल जाती। पिछले 50 सालों से हम गरीबी हटाओ का नारा सुन रहे हैं, लेकिन वे गरीबी नहीं हटा पाए। जो काम वे 5 दशकों में नहीं कर सके, वो भाजपा सरकार ने इतने कम समय में करके दिखाया। हम लोग गरीबी को जीकर आए हैं। हमें पता है कि गरीबी की समस्याओं की जड़ कहां हैं। इसलिए हम जड़ों से गरीबी को काट पा रहे हैं। हमने 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाई है। इनमें से 13 हजार गांव नॉर्थ-ईस्ट के थे। जो लोग आज मणिपुर-मणिपुर कर रहे हैं कि उनको कभी यह ख्याल नहीं आया कि पूर्वी भारत में 13 हजार गांव अंधेरे में थे। हमने जलजीवन मिशन की शुरूआत की थी। तब देश के 20% से भी कम ग्रामीणों परिवारों तक नल से जल की सुविधा थी। आज 60% से भी ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल से पानी मिल रहा है। मिजोरम में 4 साल पहले तक केवल 6% घरों में पाइप से पानी पहुंचता था। आज यह आंकड़ा 90% से ज्यादा है।

## सम्पादकीय

### अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले विपक्ष के नेताओं को खुद पर ही विश्वास नजर नहीं आ रहा है?

अब सबकी निगाहें 8 अगस्त को चर्चा की शुरूआत होने से ज्यादा इस बात पर टिकी होंगी कि सरकार के विरोध में सदन के अंदर तीखे भाषण देने वाले ये विपक्षी दल 10 अगस्त को सदन में अपने ही द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवा कर अपनी ताकत दिखाएंगे या नहीं ?केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ लोकसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में मंगलवार से चर्चा शुरू होनी है। मंगलवार यानी 8 अगस्त से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत होगी। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार यानी 10 अगस्त तक लोकसभा में सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 10 अगस्त को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा का लोकसभा में जवाब देंगे। प्रधानमंत्री के जवाब के बाद अगर विपक्षी दल की तरफ से डिवीजन की मांग की जाएगी तो सदन में वोटिंग भी उसी दिन होगी। लोकसभा के सदस्य संख्या के आधार पर देखा जाए तो सरकार को विपक्ष द्वारा लाए गए इस अविश्वास प्रस्ताव के कारण फिलहाल कोई खतरा बिल्कुल नजर नहीं आ रहा है। लोकसभा में बीजेपी के पास अपने दम पर बहुमत है। भाजपा के पास 301 सांसद हैं जो विपक्षी दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को गिराने के लिए काफी हैं। अगर इसमें एनडीए के सहयोगी दलों के सांसदों का आंकड़ा जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 331 को भी पार कर जाता है। जैसा कि आप जानते हैं कि बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस- इन दोनों राजनीतिक दलों ने भी विपक्षी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मोदी सरकार का साथ देने का फैसला किया है। लोकसभा में बीजू जनता दल के फिलहाल 12 सांसद हैं वहीं वाईएसआर कांग्रेस के सांसदों की संख्या 22 है। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस के सांसदों की संख्या मिलाने के बाद सरकार के समर्थक सांसदों का आंकड़ा बढ़कर 365 तक पहुंच जाता है।

## भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु,एक शाम महादेव के नाम भजन संध्या आयोजित

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



कुशलगढः पुरषोत्तम श्रावण माह के दौरान एक शाम महादेव के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन नागनाथ महादेव मन्दिर थांदला रोड कुशलगढ में शिव भक्तों के सानिध्य में किया गया।भजन संध्या का आगज गणपति वंदना व गुरू वंदना से किया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध सिद्धेश्वर रामायण मंडल काकनवानी द्वारा सुंदरकाण्ड एक से एक बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झुमने के लिए मजबूर किया बडी संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु उपस्थित थे।

## परमा एकादशी पर धनावाव हनुमान जी मंदिर में बच्चों को हनुमान चालीसा करवाई

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**

बांसवाड़ाः विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बहनों द्वारा अधिक मास की परमा एकादशी पर धनावाव हनुमान जी मंदिर में बच्चों को हनुमान चालीसा करवाई भजन किया और सभी कृष्ण मंदिर मे बहनों द्वारा दीपदान किया। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख कुमार अडीचवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका साक्षी दक मातृशक्ति जिला सह संयोजी का मिथिलेश कौशिक बाल संस्कार की साधना देवड़ा शीतल भंडारी विनीत भारद्वाज ममता गोयल कुसुम जोशी सुशीला राजौरा राखी कंसारा मोनिका बोली दीपाली गोयल संस्कृति भंडारी राजेश्वरी चौधरी कमला जी शक्तावत उषा परमार सुनीता कौशिक आदि बहनों ने भाग लिया। ये जानकारी तरुणकुमार अडीचवाल ने दी।



## श्री राजपूत सभा जयपुर के महामंत्री बलवीर सिंह हाथोज का देवलोक गमन

**मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता**

श्री राजपूत सभा जयपुर के मुख्य स्तंभ, महामंत्री बलवीर सिंह जी हाथोज का हार्ट अटेक के दोरान हुई मस्तिष्क मे क्षति के कारण 11 अगस्त, सायं काल के समय एस. एम. एस. अस्पताल मे देहांत हो गया। उनका अन्तिम संस्कार उनके ग्राम हाथोज में आज प्रातः 11:00 बजे हुआ। उनके अन्तिम दर्शन के लिये पधारे सभी समाजो के लोगों ने अश्रुपूर्ण भाव से उनको अन्तिम विदाई दी। बलवीर सिंह जी ने पिछले दो दशकों से ज्यादा समय श्री राजपूत सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुये सभा के चहुंमुखी विकास में आपका अभुतपूर्व योगदान दिया ।सभाध्यक्ष राम सिंह जी चन्दलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह जी राणावत, संगठन मंत्री धीर सिंह जी शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह जी बगड़, कोषाध्यक्ष प्रधुम्न सिंह जी मुण्डरू, एवं समस्त कार्यकारिणी ने बलवीर सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने कहा की उनके जाने से सभा एवं समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। समाज उनकी सेवाओं को सदैव याद करेगा एवं उनके सामाजिक कार्यों की स्मृति समाज मे सदैव बनी रहेगी। कल दिनांक 13 अगस्त को तीये की बैठक सायं 4:00 से 5:00 बजे उनके ग्राम हाथोज में निज निवास पर होगी।



## जन जन तिरंगा लहराएगा आजादी का जश्न मनाएगा -देवीलाल दादरवाल

**मरुधर विशेष/विशेष संवाददाता**

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश- हर घर तिरंगा,घर-घर तिरंगा एवं पर्यावरण जन चेतना मुहिम के तहत आज न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप जूनियर विंग हिंदी मीडियम में पेंटिंग व ड्रॉइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रधानाचार्य मदनलाल ने बताया कि संस्थान के 350 छात्र- छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, इसमें छात्र-छात्राओं ने तिरंगा, महापुरुषों, प्राकृतिक दृश्यों आदि की कलात्मक आकृतियों उकेर कर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल ने वीर शहीदों की शहादत के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्र-छात्रों को अपने घर पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया। इस अवसर पर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, प्रबंधक सदस्य सुरेश कुमार, बाबुलाल, राधेश्याम, आशीष दादरवाल व समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।



## श्री कृष्ण सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट विद्याधर नगर का संस्था कैटलॉग का विमोचन

**मरूधर विशेष/कुलदीप सिंह**

जयपुर । श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री बालमुकुंद आचार्य हाथोज धाम जयपुर के द्वारा किया गया और साथ ही देवउठनी एकादशी पर होने वाले तुलसी विवाह और सर्व हिंदू समाज के 21 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम पर चर्चा हुई संस्था अध्यक्ष विष्णु यादव ने बताया कि कार्यक्रम 5 दिवस का रहेगा जिसमें देश के संत और महात्माओं के आशीर्वाद के साथ कलश यात्रा, सुंदरकांड एव हनुमान चालीसा कार्यक्रम की शुरूआत कर सर्व हिंदू समाज के 21 जोड़ो के विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन होगा महावीर सिंह चौहान,सौरभ गोयल,दिव्या शर्मा साबू ,बजरंग लाल शर्मा ,श्याम सुंदर शर्मा, एडवोकेट महेंद्र सिंह सौकरियां, बुद्धि प्रकाश शर्मा कुलदीप सिंह यादव,एव अन्य सहयोगी कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर शहर द्वारा मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर शहर द्वारा ह्यह्यमेरी माटी मेरा देशह्लह्ल कार्यक्रम का आयोजन हवामहल विधानसभा के चार दरवाजा बाहर सैयद कॉलोनी वार्ड नंबर 26 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सैय्यद इब्राहिम खान, मोर्चा प्रदेश प्रभारी जोन जोसफ हॉकिंस, मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती, मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जयपुर शहर संभाग प्रभारी जावेद कुरैशी, मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री उस्मान चौहान, सरदार देवेंद्र सिंह, हवामहल विधानसभा संयोजक राजेंद्र शर्मा, नागौर जिलाध्यक्ष शब्बीर गुडली




रहे। इस मौके राष्ट्रीय मंत्री जी, प्रदेशाध्यक्ष हामिद खान मेवाती, राजस्थान प्रभारी मोर्चा जोन जोसफ हॉकिंस, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान, प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद कुरेशी ने पिछले 9 वर्षों से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अल्पसंख्यकों के विकास के लिए व समस्त देश के विकास के लिए माननीय मोदी जी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों व योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर निवर्तमान जयपुर शहर मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल अजीज हाथी, वाले, महामंत्री जयपुर शहर मोर्चा मोहम्मद परवेज खान, माजिद खान पठान उपाध्यक्ष मोर्चा जयपुर शहर अनवर अहमद, शाहनवाज अंसारी, मंत्री मोर्चा जयपुर शहर साबिर अहमद, जुनैद अख्तर, नदीम अंसारी, सोशल मीडिया साजिद हिंदुस्तानी, पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सलीम, शाहनवाज लाला, रशीद मंसूरी, मण्डल अध्यक्ष असलम खान, शकील मंसूरी वार्ड संयोजक जफर अहमद, सतीश कुमार, पूर्व महामंत्री नवाब कुरैशी, इश्तियाक भाई, बूथ महामंत्री 127 मोहम्मद हाशिम खान, मोहम्मद बुरहान खान, मोहम्मद मोहम्मद मोमीन खान, फुरकान खान, सलीम भाई, राशिद अंसारी, मोहम्मद यूनुस, नईमुद्दीन, अलीमुद्दीन,अयाज भाई, राशिद भाई, साजिद खान, ताहिर कुरैशी, हैदर अली, फिरोज भाई, पिंटू भाई, अकील अहमद, कमर अहमद, लियाकत अली, व बहुत से सम्माननीय भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और परिवहन समुदाय की मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक जीत, परिवहन चेकपोस्टों को बंद कर लागू होगा गुजरात मॉडल

**मरूधर विशेष/हनुमान सिंह पुरावत**

भोपाल- भ्रष्टाचार एवं उत्पीड़न का अड्डा बन चुकी अवैध सीमा चौकियों को बंद करने और प्रदेश सरकार के रवैये की समीक्षा करने हेतु ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के तत्वावधान में एक महापंचायत भोपाल में सम्पन्न हुई। जिसमें हजारों देश और प्रदेश की परिवहन संस्थाओं के हजारों पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस महापंचायत का प्रभाव भी तत्काल नजर आया और मध्य प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मोटर कॉग्रेस के पदाधिकारियों के साथ एक लम्बी बैठक की जिसमें परिवहन आयुक्त एवं अपर परिवहन आयुक्त भी शामिल थे। इस बैठक के बाद राजपूत ने बताया कि प्रदेश सरकार चरणबद्ध तरीके से गुजरात मॉडल की तर्ज पर सभी सीमा चौकियां बन्द करने को सहमत है। इतना ही नहीं मंत्री जी ने लिखित रूप में इस सिलसिले में एक औपचारिक पत्र भी जारी किया। जिसमें उल्लेखित है कि परिवहन समुदाय की सालों की मेहनत रंग लाई है और सभी इस ऐतिहासिक जीत की बधाई के पात्र हैं।

गुजरात राज्?य की तर्ज पर चेकपोस्?टों को बंद कर चेकिंग व्?यवस्?था का आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को समय की बचत होगी। गुजरात मॉडल के लागू होने तक प्रदेश में चल रहे परिवहन चेकपोस्?ट पर वाहनों के आवागमन को सुगम करने के लिए 7 अस्?थाई चेकपोस्?ट (प्राणपुर, बिलौआ, नहर, समरसा, करहाल ,रानीगंज तिगेला, राजना) एवं इसके अतिरिक्?त वर्तमान में चल रहे सभी 6 चेकिंग पाईंट आज से



तत्काल रूप से बंद किये जायेगें। चेकपोस्?ट पर गाड़ियों की मैनूअल चालानी कार्रवाई चरणबद्ध रूप से बंद की जायेगी। चेकपोस्?टों को बंद कर- के वाहनों की चेकिंग वयवस्?था का आधुनिकीकरण गुजरात मॉडल की तर्ज पर चरणबद्ध रूप से 14 दिसम्?बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। क्?योंकि प्रदेश में संचालित 40 स्?थायी चेकपोस्?टों में से 19 इंटीग्रेटेड चेकपोस्?टों का संचालन एमपीआरडीसी एवं म.प्र. बॉर्डर चेकपोस्?ट डवलपमेंट कॉर्पोरेशन के मध्?य हुए एग्रीमेंट के तहत हो रहा है। सरकार ने लिखित रूप में दिया है कि उपरोक्त प्रस्तावित व्यवस्था को लागू करने के संबंध में परिवहन विभाग द्वारा नोटिफिकेशन 60 दिवस में अनिवार्यतः जारी किया जाएगा।

मोटर व्हीकल एक्ट के निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण एवं वैध दस्तावेज सहित चलने वाले वाहनों का परिवहन चैकपोस्टों से निर्बाध आवागमन के लिए पुनः समुचित निर्देश परिवहन आयुक्त द्वारा अलग से जारी किए जायेंगें।इसके इलावा परिवहन विभाग की सभी सेवाए फेसलेस एवं ऑनलाइन की जायेंगीं।इस महापंचायत में ऑल इंडिया मोटर कॉग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान,चेयरमेन डॉ जी आर शनमुगप्पा, चैयरमैन - कोर कमिटी, पूर्व अध्यक्ष एवं चैयरमैन - सीमा चौकियां खत्म करने हेतु कार्य समितिबल मलकीत सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष (वेस्ट जोन) विजय कालरा, प्रदेश प्रमुख राकेश तिवारी, चैयरमैन - आल इंडिया आर. टी. ओ. कमिटी सी एल मुकाती, कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सिंह त्रेहन, कार्यकारिणी सदस्य छतर सिंह भाटी, परमवीर सिंह, हरीश डावर, गोविंद रूपानी, बी. के. बत्रा, अमरजीत सिंह बग्गा, संजय गुप्ता व सह चैयरमैन - आल इंडिया आर. टी. ओ. कमिटी अजय शर्मा आदि उपस्थित थे।मध्य प्रदेश सरकार के इस फैसले पर ऑल इंडिया मोटर कांग्रेस राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह भाटी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस निर्णय से चेक पोस्टों पर जारी भ्रष्टाचार व उत्पीड़न बंद होगा। उन्होंने मोटर कांग्रेस की इस ऐतिहासिक जीत और उपलब्धि पर मध्य प्रदेश सरकार का आभार भी जताया।

# विश्व अंगदान दिवस विशेष पिता ने दिया नवजीवन ,पुत्र ने रचा इतिहास

**मरूधर विशेष/महावीर सिंह चौहान**

विश्व अंगदान दिवस के मौके पर हम परिचय करवा रहे राजस्थान के ऐसे व्यक्तित्व का जिन्हे अपने पिता के अंगदान के फलस्वरूप नई जिंदगी मिली।और अपने हौसले और जज्बे के दम से पूरे राज्य का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया।हम बात कर रहे है झुंझुनू जिले की नवलगढ़ तहसील के जाखल गांव के रहने वाले भवानी सिंह शेखावत के बारे में जिन्होंने हाल ही आस्ट्रेलिया में सम्पन्न विश्व ट्रांसप्लांट खेलो में रजत एवम कांस्य पदक हासिल किया है।20 वर्ष पूर्व दोनो किडनी खराब होने से लेकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने तक का सफर काफी चुनौती पूर्ण और संघर्ष पूर्ण रहा। 19 वर्ष की आयु में दोनो किडनी खराब होने पर भवानी सिंह जी के पिताजी स्वर्गीय घनश्याम सिंह जी ने अपनी किडनी दान कर भवानी सिंह जी को नया जीवन दिया। कैंसर जैसी असाध्य बीमारी के चलते घनश्याम सिंह जी का दो वर्ष पूर्व देहांत हो गया। अपने पिता से किडनी प्राप्त कर नया जीवन तो शेखावत को मिल गया लेकिन मुस्किलो और संघर्ष का दौर शुरू हो गया। किसी भी अंगदान प्राप्तकर्ता को जिंदगी भर जीवन रक्षक दवाइया लेनी होती है।जो मानव शरीर की रोगप्रतिरोधक




क्षमता को कम कर प्रत्यारोपित अंग को रिजेक्शन से बचाती है। इन दवाइयों के नियमित सेवन से कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता होने के बाद भी भवानी सिंह संक्रमण की सर्वाधिक संभावना वाले स्थान अस्पताल परिसर में अपनी सेवाएं देकर नर्सिंग सेवा को और अधिक गौरवान्वित किया है।इनकी इसी अविस्मरणीय सेवा को देखते हुए राज्य सरकार ने इस वर्ष नर्सेज दिवस पर फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड से सम्मानित किया है। ट्रांसप्लांट के बाद खेलो में अपनी रुचि के चलते ट्रांसप्लांट खेलो में भाग लेना प्रारंभ किया ।चार वर्ष पूर्व भी मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय ट्रांसप्लांट खेल में भी रजत पदक हासिल कर राज्य का मान बढ़ाया था। इस बार अप्रैल माह में आस्ट्रेलिया के पर्थ सहर में आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में पेटांक खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक तथा लॉन बॉल खेल की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर न केवल जिले व राज्य को बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।भवानी सिंह ने वाकई अंगदान की महत्ता को सार्थक सिद्ध किया है।हजारों अंग प्रत्यारोपित करवा चुके लोगो के लिए भवानी सिंह एक प्रेरणा का स्त्रोत बन गए है

# अमृतकाल में शान से फहराएं तिरंगा

राष्ट्रीय ध्वज हमारे गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। दुनिया का कोई भी देश अपने राष्ट्रीय ध्वज को जान से भी अधिक सम्मान देता है। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए लाखों लोग बलिदान हो चुके हैं। भारत में राष्ट्रीय ध्वज विशेष अवसरों पर फहराया जाता है। बचपन में जब हम स्कूली शिक्षा ग्रहण कर रहे थे उस दौरान स्वाधीनता और गणतंत्र दिवस पर प्रभातफेरी निकाली जाती थी। उस दौरान स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर यह गीत गाया करते थे ह्यविजयी विश्व तिरंगा, प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमाराह्ल। राष्ट्रीय ध्वज की परिकल्पना सबसे पहले पिंगली वेंकैया ने की थी। यह आजादी का अमृतकाल है। देश के हर व्यक्ति को गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहिए। ऐसा करने अपने भीतर अपना देश, अपनी माटी की अकल्पनीय अनुभूति होती है और राष्ट्रीय भावना और मजबूत होती है।

हमारा राष्ट्रीय ध्वज तीन रंगों से बना है। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी हमारी ताकत को दशार्ती है। सफेद रंग की पट्टी शांति और सत्य का प्रतीक है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी विकास, उर्वरता और समृद्धि का द्योतक है। सफेद रंग की पट्टी के मध्य स्थापित ह्यचक्रह्ल अशोक स्तंभ से लिया गया है। चक्र के भीतर कुल 24 से तीलियां है। यह भारत के निरंतर प्रगति का संकेत देती हैं। संविधान सभा की बैठक में 22 जुलाई 1947 को इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता मिली। हालांकि इसके पूर्व भी कई तरह के झंडे देश और विदेश में फहराए गए, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकार नहीं किया गया था।

राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए। क्योंकि यह हमारे गौरव, स्वाभिमान और सम्मान



का प्रतीक है। इसके सम्मान की हर हालत में रक्षा की जानी चाहिए। तिरंगे का अपमान राष्ट्र का अपमान समझा जाता है। फटे-पुराने एवं कटे हुए तिरंगे को नहीं फहराया जाना चाहिए। संविधान सभा की ओर से राष्ट्रीय ध्वज के रूप में इसे अंगीकार किए जाने के बाद अभी सिर्फ एक बदलाव किया गया जिसमें चरखे की जगह अशोक स्तंभ के ह्यचक्रह्ल का उपयोग किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज में कोई भी बदलाव नहीं हुआ।

राष्ट्रीय ध्वज के रोहण के लिए भी नियम बनाए गए हैं। भारतीय ध्वज संहिता यानी ह्यफ्लैग कोड ऑफ इंडियाह्ल में सब वर्णित है। भारतीय ध्वज संहिता 26 जनवरी 2002 को प्रभावी हुई है। भारतीय ध्वज संहिता 2002 को पुनः30 दिसंबर 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज हाथ से कते और बुने हुए या मशीन से कते कॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन, रेशम या फिर खादी की पट्टी से बनाया जा सकता है। भारत का कोई भी नागरिक अपने निजी या सार्वजनिक स्थान, कार्यालय या घर पर तिरंगा फहरा सकता है। हालांकि इसके पूर्व यह अनुमति नहीं थी, लेकिन दिसंबर 2002 में संविधान संशोधन के जरिए अनुमति दी गई। साल 2009 में रात्रि में भी तिरंगे को फहराने की अनुमति दी गई। पूरे भारत में 21 फीट लंबा और 14 फीट चौड़ा तिरंगा सिर्फ तीन स्थानों पर फहराया जाता है इसमें कर्नाटक का नारगुंड किला, महाराष्ट्र में पनहाला किला और मध्य प्रदेश का ग्वालियर किला शामिल है। जब हम ध्वजारोहण करते हैं तो हमें हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि हमारे दाहिने तरफ ध्वज होना चाहिए। हमारी ध्वज संहिता में प्लास्टिक का झंडा फहराने पर रोक है। लेकिन बदली परिस्थितियों और व्यापारिक स्थितियों में खूब प्लास्टिक के झंडे का उपयोग किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई 3:2 के अनुपात में होनी चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पर कोई भी चित्र या लेखन नहीं होना चाहिए। तिरंगे का उपयोग व्यवहारिक कार्यों में किसी भी तरीके से नहीं होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज कभी भी जमीन से नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज के पास किसी भी धार्मिक या अन्य संस्था के झंडे को नहीं लगाया जा सकता है।

राष्ट्रीय ध्वज पर किसी भी प्रकार कि कशीदाकारी, कुशन , रूमाल , नैपकिन नहीं बनाई जा सकती है। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग सजावट के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी वस्तु को लपेटने , कोई वस्तु प्राप्त करने या वितरित करने के लिए नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किसी भी वाहन की साइड्स , पृष्ठ भाग और ऊपर का भाग ढंकने के लिए नहीं किया जाएगा ।इसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक हर मौसम में सभी दिनों में फहराया जा सकता है। झंडे को तेज गति से फहराया जाना चाहिए और धीरेझ्रधीरे नीचे उतारा जाना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज पानी , जमीन , फर्श या पगडंडी को नहीं छूना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी ऐसे तरीके से प्रदर्शित या बांधा नहीं जाएगा , जिससे उसे कोई क्षति होने की संभावना

राष्ट्रीय ध्वज उल्टा करके कभी भी प्रदर्शित नहीं किया जाएगा अर्थात केसरिया पट्टी को नीचे की पट्टी के रूप में नहीं रखना चाहिए। क्षतिग्रस्त या अस्तझ्रव्यस्त राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज किसी भी समय नीचे नहीं झुकना चाहिए। किसी भी अन्य झंडे को राष्ट्रीय ध्वज से ऊपर या उसके अगल-बगल में नहीं रखा जाएगा। किसी तरह की फूल माला या प्रतीक के साथ कोई वस्तु नहीं रखी जाएगी। ह्यराष्ट्रीय सम्मानह्ल के अपमान की रोकथाम अधिनियम 1971 के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग निजी स्तर पर की जाने वाली अंत्येष्टि अथवा अंत्येष्टि के दौरान आवरण के रूप में नहीं किया जा सकता।

देश में राष्ट्रीय शोक की स्थिति में तिरंगा झुकाया जाता है। देश में जितने दिन का राष्ट्रीय शोक रहता है तिरंगा तब तक झुका रहता है। राष्ट्रीय शोक खत्म होते ही तिरंगा को अपनी ऊंचाई पर सम्मानित कर दिया जाता है। देश के राष्ट्राध्यक्षों और सैनिकों के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर अंतिम विदाई दी जाती है। बाद में ध्वज को सम्मान किसी नदी या गुप्त स्थान पर नष्ट कर दिया जाता है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर हम सभी भारतीयों को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में कोई गुस्ताखी नहीं करेंगे और जीवनपर्यन्त उसका सम्मान करेंगे। तिरंगा समूचे भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ राष्ट्र के सम्मान में हमें ध्वजारोहण करना चाहिए। अंतिम सांस तक उसके सम्मान की रक्षा का हमें संकल्प भी लेना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## आबादी के मकान पर कब्जा करने के लिए महिला ने दिखाई दबंगई, घुसकर की तोड़फोड़

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली रोड़ के समीप निहालगढ़ कस्बे निवासी रायबहादुर यादव द्वारा वर्षों पूर्व अपने आबादी में स्थित मकान को बेच दिया था जहां उनकी पुत्री मंजु पत्नी नरेश यादव निवासी तिवारी पराग का पुरवा थाना बाजार शुक्ल अमेठी ने कोर्ट में दीवानी दायर कर दिया था जो लगातार चल रहा था जहां पीड़ित का आरोप है कि शनिवार को स्थानीय दबंग अशोक यादव आदि की शह पर लालच हेतु कानून को ठेंगा दिखाते हुए काबिज के घर में जबरन घुसकर उनके केयर टेकर वृद्ध शिवबहादुर से लड़ाई कर तोड़फोड़ गाली-गलौज किया। और हटाने की धमकी दी।मामले में पीड़ित सुल्तानपुर निवासी पीड़ित मेराज ने जगदीशपुर पुलिस प्रशासन से आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है

## दर्जनों ग्रामीणों ने गालीबाज सफाई कर्मी को हटाने की करी मांग

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



उत्तर प्रदेश जनपद अमेठी के जगदीशपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंगरौली के रस्तामऊ पूरे खुदावन में गांव में गालीबाज सफाई कर्मचारी के चलते साफ सफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है। जिसके न आने के चलते नालियां चोक पड़ी है।यहां के ग्रामीणों कदीर इसराक सुबई लतीफ , उदयराज, हंसराज,अकबर, इमरान लाल बहादुर जगतनरायण गुप्ता सहित अन्य ने बताया कि गांव में तैनात सफाई कर्मी आता ही नहीं है जब कुछ कहा जाता है तो लड़ाई पर आमादा होकर गाली देकर बात करता है । जिससे त्रस्त ग्रामीणों ने गालीबाज सफाई कर्मचारी के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर दूसरे सफाई कर्मी के नियुक्ति की मांग की है ।

## मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम के अंतर्गत मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन

**मरुधर विशेष/ संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



रायबरेली : जहां एक तरफ पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम चलाया जा रहा है वही आज वही कड़ी में अमावा ब्लॉक में मिनी मैराथन 3 ` दौड़ का आयोजन किया गया इस मैराथन में समस्त ग्रामसभा के युवाओं ने प्रतिभाग किया वहीं विजेता प्रथम आशीष सिंह दुतीय पवन कुमार व तीसरे स्थान पर दीपू यादव रहे इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंजू यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज यादव सहित अधिकारी व पीआरडी जवान जवान मौजूद रहे

## प्रतियोगिताओं से बच्चों में होता है सर्वांगीण विकास- धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**



मेरी माटी- मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई- अमेठी में विभागीय निदेर्शानुसार प्रार्थना सभा में सभी शिक्षकों द्वारा देश भक्तों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया,देश भक्ति गीत गाए गए , मेरी माटी मेरा देश गीत बच्चों से दोहराया गया।इसके पश्चात मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न कराग़ी गयी। प्राथमिक स्तर बालक में राहुल- प्रथम,रजित- द्वितीय, एवं आदित्य- तृतीय,बालिका में ललिता- प्रथम,वन्दना-द्वितीय,एवं खुशी- तृतीय, जूनियर स्तर बालक में करन- प्रथम,शिवा- द्वितीय,एवं अमित-तृतीय, बालिकाओं में अंशिका- प्रथम,अंजली- द्वितीय,एवं मधु- तृतीय स्थान पर विजेता रहे।विजेता बच्चों को प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।विद्यालय की शिक्षिकाओं में भी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई,जिसमें सरिता सिंह स०अ०-प्रथम,प्राची श्रीवास्तव स०अ०-द्वितीय एवं अमिता जायसवाल स०अ०-तृतीय स्थान पर रही । सभी शिक्षिकाओं को भी धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को झंडा गान 'देशभक्ति गीत, देशभक्त वीरों के जीवन से जुड़ी घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।विद्यालय की शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल, रजिया बानो, शशि कुमारी सिंह, प्राची श्रीवास्तव, सरिता सिंह, पल्लवी श्रीवास्तव, सुचित्रा सती, एवं प्रभावती-अनुचर,स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए बच्चों के साथ तैयारी में संलग्न रहीं।

## परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग

**मरुधर विशेष/रमाकान्त शर्मा**



बानसूर - नारायणपुर कस्बे के बास बैरीसाल पुलिया के पास स्थित एक परचून की दुकान में रात्रि करीब एक बजे अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण दुकान में रखा लाखों रुपए का परचून का सामान आग की भेंट चढ़ गया ।आग लगने की सूचना दुकानदार को रात को पड़ोसी ने दी। उसके बाद दुकान मालिक अपने परिवार के साथ मौके पर पहुंचा। दुकान में आग की लपटे निकल रही थी। जिसके सामने किसी की हिम्मत नहीं हुई। पानी का टैंकर मंगवाया गया और उसके बाद बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन जब तक दुकान के अन्दर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। इस दौरान दुकान का पटाव भी क्षतिग्रस्त हो गया । दुकानदार रामशरण ने अज्ञात कारणों से लगी आग की रिपोर्ट पुलिस में दी और दुकान मालिक ने आग में करीब दस-बारह लाख रुपए का नुकसान होना बताया। सुबह पुलिस मौके पर पहुंच कर आग लगने का जायजा लिया।

## भजनों की धुन पर नाचते गाते बरसाना पहुंची राधारानी पदयात्रा, याकूब खान ने क्या स्वागत सम्मान

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**



कामां- नवयुवक मंडल के तत्वावधान में शनिवार एकादशी के अवसर पर द्वितिय राधारानी पदयात्रा कामां कस्बे के पंचायती गोपाल जी मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीजी धाम बरसाना पहुंची जहां पर यात्रियों ने राधा रानी मंदिर में दर्शन किए`भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि पंचायती गोपाल जी मंदिर से दूसरी बार रवाना हुई राधारानी पदयात्रा में दौ सौ से अधिक महिला पुरुष शामिल हुए जो डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों की धुनों पर कीर्तन करते हुए पैदल-पैदल कामां से करीब 12 किलोमीटर की दूरी तय कर उत्तर प्रदेश के बरसाना पहुंचे बरसाना पहुंचने के बाद सभी यात्रियों ने परिक्रमा लगाकर मंदिर में श्रीजी राधारानी के दर्शन किए` यात्रा व्यवस्थापक लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि यात्रा के बरसाना जाते वक्त गांव ढाणा में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष याकूब खान के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया याकूब खान ढाणा द्वारा सभी यात्रियों का राधे-राधे का दुपट्टा पहनाकर मान सम्मान किया गया और अल्पाहार की व्यवस्था की गई इसके अलावा सुनहरा मोड़ पर मुस्लिम समाज के निजामुद्दीन खान द्वारा भी पद यात्रियों के लिए मीठे ठंडे जल की व्यवस्था दी गई

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही उनके सफल जीवन का आधार है

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



बहरोड़। लायंस क्लब बहरोड किंग्स के द्वारा शनिवार को अपने सेवा क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करते हुए उपखंड के महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल गंडाला में प्राइमरी सेक्शन के समस्त 128 विद्यार्थियों को पदवेश वितरित किए गए ।विद्यार्थियों ने जैसे ही अपने लिए जूते जुराब प्राप्त किए उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा ।
इस अवसर पर क्लब के द्वारा विद्यालय में शाला स्टाफ के साथ मिलकर सघन वृक्षारोपण भी किया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय स्टाफ के द्वारा क्लब के सभी सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य मंजीत यादव जी ने संबोधित करते हुए कहा कि आप जैसे भामाशाह के आगमन से शाला में चार चांद लगते हैं और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है जिससे विद्यार्थियों को पूर्णता महसूस होती है । और विद्यार्थी हैं भावना का शिकार होने से बचते हैं ।क्लब अध्यक्ष लाइन राकेश रोहिला ने भी संबोधित करते हुए कहा की लायंस क्लब बहरोड किंग्स के द्वारा इस प्रकार की गतिविधियां निरंतर रूप से करी जाती रहती हैं क्लब के सभी सदस्यों का मानना है कि विद्यार्थियों को जब तक अभावग्रस्त जीवन जीना पड़ेगा वह है उनके मार्ग में रोड़ा बना रहेगा । यह आवश्यक है कि विद्यार्थी एक सुदृढ़ वातावरण में अपना अध्ययन करें ।पद वेश वितरण का कार्यक्रम क्लब के वरिष्ठ सदस्य लाइन उमेश यादव की आर्थिक सहयोग से किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे भी यह प्रेरणा क्लब के जुड़ने से प्राप्त हुई है और निरंतर सेवा के क्षेत्र में क्लब के व हमारे द्वारा ऐसे कार्य किए जाते रहेंगे ।इस अवसर पर एम जे एफ लायन दिनेश अग्रवाल नवीन गोयल राहुल यादव प्रदीप यादव आलोक अग्रवाल सहित प्रवीण जी व कमल जी उपस्थित रहे ।

# किशनगढबास को जिला न्यायालय बनाने की मांग,जिला कलॅक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



किशनगढ़ बास 12 अगस्त। किशनगढबास को जिला न्यायालय बनाने की मांग को लेकर जिला कलॅक्टर एवंमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिया यागया है। अभिभाषक संघ किशनगढबास अध्यक्ष अमित गौड ने बताया कि अभिभाषक संघ किशनगढबास द्वारा किशनगढबास में स्थित अदालतों को खैरथल जिला की जिला अदालत में क्रमोन्नत करने के लिये जिला कलॅक्टर ओमप्रकाश बैरवा जिला खैरथल-तिजारा एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचन्द खैरिया किशनगढ़ बास को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिए गए ज्ञापन में किशनगढबास कस्बे के समस्त व्यापार मण्डल के मांग पत्र व अभिभाषक संघ कोटकासिम, भिवाडी,मुण्डावर ने किशनगढबास को जिला न्यायालय बनाने के मांग पत्र दिये। इस अवसर पर राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचन्द खैरिया, पंचायत समिति किशनगढ़ बास के प्रधान बी.पी.सुमन(बद्री प्रसाद)पी.सी.सी सदस्य तेजाराम सैनी,अभिभाषक संघ किशनगढबास अध्यक्ष अमित गौड, सचिव अजीत राव, पार्षद एंव अधिवक्ता राकेश तिवाडी, अपर लोक अभियोजक सुनील यादव एंव सलीम मोहम्मद, सुनील गोयल व अन्य अधिवक्ता मौजूद थे। कस्बे में नवीन अदालतो के बनाये जाने पर भूमि व भवनो की उपलब्धता (आवंटन )व अभिभाषक संघ के द्वारा सैशन खण्ड से सम्बन्धित पत्राचार कार्यवाही के बारे में जिला कलॅक्टर को अवगत कराया गया।

# पूर्व में जेल भेजने के विवाद में घर में घुसकर युवक ने युवती पर कैंची से किया हमला

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



सरगुजा / बतौली थाना क्षेत्र के सुवारपारा में युवक ने घर में घुसकर युवती पर चाकू से हमला कर दिया लड़की जबतक कुछ समझ पाती युवक हमला कर मौका से फरार हो गया परिजन द्वारा आनन फानन में 112 की सहायता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाया गया जहां लड़की की गंभीर व्यवस्था को देखकर अस्पताल प्रबन्धन ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां आईसीयू में इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बतौली थाना क्षेत्र के सुवारपारा निवासी 22 वर्षीय लड़की संतोषी कोरवा पिता स्वर्गीय समेत कोरवा शाम 7 बजे अपने घर में खाना बना रही थी तभी विनोद कोरवा उर्फ गोलू पिता स्वर्गीय लव कोरवा उम्र 19 वर्ष उसके घर पहुंच कर संतोषी को ढूंढने लगा फिर घर के आंगन में मेरे को जेल क्यूं भेजे कहकर विवाद करने लगा तभी संतोषी बगल में रह रही चाची को भी घर बुला लिया जबकि घर में पहले से संतोषी की मां,बहन ,भाई पहले से मौजूद थे सबके सामने फिर विनोद विवाद करने लगा और बाल पकड़ कर संतोषी को जमीन में पटक दिया फिर युवती खड़ी होकर बाल ठीक करने लगी फिर तुरंत कैंची से पीठ और दाहिने हाथ के नीचे छाती के पास हमला कर मौके से फरार हो गया परिवारजन युवती की स्थिति देखकर 112 की सहायता से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने जिला रिफर कर दिया ।परिजनों ने बताया कि पूर्व में भी एक महीने पहले छड़ से मारने की कोशिश संतोषी को किया था और परिवार जन युवक को जेल भेजवा दिए थे विनोद उर्फ गोलू सराबी किस्म का युवक है जो हमेशा गांव में भी लोगों से विवाद करते रहता है ।परिवारजनों ने बताया कि युवती को अपने से बात करने युवक बार बार बोलता था जिससे युवती शराबी लड़का और लड़के से बड़ी होने पर बात करने से मना करती थी जिससे युवक लड़की को हमेशा परेशान करता था ।फिलहाल परिजन बतौली थाना पहुंच युवक के ऊपर अपराध दर्ज करवाया है और बतौली पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

# छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर सरगुजा की अंकिता गुप्ता ने जीता गोल्ड मेडल

**मरुधर विशेष, करन सोनी**




सरगुजा/सब-जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता पांडिचेररी तमिलनाडु में आयोजित हुई, जिसमें सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ की राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी अंकिता गुप्त ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल बालिका टीम से खेला और राज्य के लिए गोल्ड मेडल जीता है.सरगुजा की राष्ट्रीय खिलाड़ी को गोल्ड मेडल जीतने पर सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने शनिवार को बयान जारी कर बधाई दी है और अंकिता गुप्ता के उज्वल भविष्य की कामना की है. उन्होंने अंकिता गुप्ता को मिली सफलता पर विशेष सम्मान करने की बात कही. जिले के राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह को उन्होंने विशेष रूप से बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत को बदौलत खेल के क्षेत्र में प्रतिभाएं उभरकर सामने आ रही हैं.राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि अंकिता गुप्ता बचपन से बास्केटबॉल खेल रही है. अंकिता गुप्ता के पिता नरेश गुप्ता एक अंडा ठेला चलाते हैं. अंकिता गुप्ता तीन बहने हैं, जिसमें सबसे छोटी अंकिता गुप्ता है. अंकिता गुप्ता की दोनों बड़ी बहने भी बास्केटबॉल खेलती हैं.राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह के बताया कि संघ के अध्यक्ष आदितेश्वर शरण सिंहदेव के विशेष सहयोग से सरगुजा जिला की प्रतिभा को बड़े मंच में खेलने का अवसर मिल रहा है. साथ ही मेडलिस्ट खिलाड़ी अंकिता गुप्ता को सरगुजा जिला बास्केटबाल संघ के उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, डीके सोनी अमितेष पाण्डेय, धनेश प्रताप सिंह, गौरव सिंह, केपी सिंह, रघुनाथ मुखर्जी, सौरभ सिन्हा, विजय सिंह, भीम सिंह, दीपक सोनी, रजत सिंह, आबिद हुसैन, प्रियंका पैकरा, प्रिया जायसवाल, प्रज्ञा मिश्रा एवं पदाधिकारी व वरिष्ठ सभी खिलाड़ियों ने शुभकामना दी है.

# यातायात जागरूकता अभियान, सूरजपुर पुलिस ने स्कूली बच्चों को दी यातायात नियमों से जुड़ी जानकारियां

**मरुधर विशेष, करन सोनी**



यातायात के आरक्षक ने छात्रों को कहा कि स्कूल बस में आने-जाने के दौरान शरीर का कोई हिस्सा बाहर नहीं निकालना चाहिए। सड़क पर हमेशा एक लाइन में चलें और फैलकर नहीं चलना चाहिए। सड़क पार करते समय दोनों साइड जरूर देख लें, बिल्कुल जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सड़कों पर लगे रोड साइन पढ़ें और नियमों का पालन करें। दुर्घटना में घायल हुए लोगों की मदद करें और तुरंत पुलिस को सूचना दें।यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के दौरान यातायात को लेकर छात्रों के मन में उठ रहे एक-एक सवाल का जवाब दिया गया। यातायात नियमों के साथ ही गाड़ी चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस क्यों जरूरी है। गाड़ी में हमेशा कौन-कौन से कागजात रखने चाहिए। किन-किन लापरवाही पर चालान कट जाता है।छात्र एक-एक सवाल का जवाब पाकर पूरी तरह से संतुष्ट हो गए। इस दौरान यातायात प्रभारी सुनील सिंह, प्राचार्य कलिस्ता अखड़, शिक्षक हिमांशु सिन्हा सहित स्कूल के शिक्षकगण मौजूद रहे।

सूरजपुर/ सड़क दुर्घटना से बचाव एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों व छात्र-छात्राओं को जागरूक करने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने नव पदस्थ यातायात प्रभारी सुनील सिंह को निर्देश दिए थे। इसी क्रम में शनिवार को यातायात पुलिस के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मिडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से जुड़े जानकारियों से अवगत कराया गया और उनके जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।इस दौरान यातायात के आरक्षक शशिकांत मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि सभी जागरूक बनें। यातायात के नियमों का पालन करें। परिवार और अपने आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यही नहीं

## जीवन में गोववृति रखे, गो सेवा, गौ संरक्षण और संवर्धन का भाव पैदा करे जिससे गोमाता की सेवा के साथ सनातन संस्कृति की भी रक्षा होगी- राष्ट्रीय गौ संत गोपालानंद सरस्वती महाराज

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाःधर्म नगरी तिलकपुरी में आमलिया दादा गणेश मंदिर के सभा भवन में अधिकमास में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में राष्ट्रीय गौ संत गोपालानंद सरस्वती महाराज आगमन पर पलक पांवड़े बिछाए हुए भव्य स्वागत किया। संत ने आमलिया दादा गणेश मंदिर में दर्शन कर सीधे ही कथा स्थल पहुंचे वहा गोमाता की पूजा अर्चना कर बाल मुरारी को तुलसी की माला तथा व्यास पीठ को वंदन कर कहा कि रसावतार श्रीकृष्ण का भाव रस ही राधा है।राधा रस आनंद की धारा है। राधा के बीना कृष्ण_ कृष्ण नही है। गो संत ने कहा कि जीवन में गोववृति रखे, गो सेवा, गौ संरक्षण और संवर्धन का भाव पैदा करे जिससे गोमाता की सेवा के साथ सनातन संस्कृति की भी रक्षा होगी। कथा के पूर्व साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती माही दीदी ने कहा कि प्रभु की भक्ति और भागवत कथा श्रवण का अवसर अनंत कर्मो के पुण्य से प्राप्त होता है ईश्वर सर्व व्यापी है। देश भक्ति गीत में झूमे श्रद्धालु। इस अवसर पर वैष्णव समाज के अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी, गणेश विकास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी, सुरेश भट्ट, सुरेश मिश्रा, शशिकांत सोमपुरा, जगदीश, खागेश सोमपुरा, मोहनलाल शुक्ला, गणपत भाई, सुरेश, मुख्य यजमान विद्याधर त्रिवेदी, धनपाल, कमल, सुनील, कृष्णलाल, रमेश, योगेश, विष्णु कुमार रावल, सहित दूर दराज से आए श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

## भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोष के साथ 251 फीट लंबी तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**



मुंडावर ।शनिवार को कस्बे के समीपवर्ती गाँव पलावा में शनिवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के तत्वावधान में श्री कृष्ण उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता की जय, वंदेमातरम के जयघोष के साथ 251 फीट लंबी तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा को संस्था निदेशक सुरेंद्र यादव, एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कौशिक, नगर अध्यक्ष सोमदेव यादव, संजय यादव द्वारा हरि झण्डी दिखा कर रवाना किया गया ।यात्रा के दौरान रास्ते में अनेक जगहों पर तिरंगे पर पुष्प वर्षा हुई ।यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई बाबा खेतानाथ आश्रम, शिव मन्दिर के पास से विधालय पहुंची। एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधार्थियो को दैनिक जीवन के क्रिया कलापों में देश प्रेम की गतिविधियों को बढ़ाने पर का आहवाँन किया। इस दौरान आरडी यादव,डॉ शुभम कौशिक, नरेंद्र यादव, सुरेश यादव, श्रीराम, अमरजीत शर्मा, सरोज यादव, अंजना यादव, ऋतु यादव, मोनिका, लाजवंती, अनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुरुषोत्तम मास में श्री रघुनाथ मंदिर में रघुवीरदास जी महाराज द्वारा संगीतमय भागवत कथा

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**



बांसवाड़ाः पुरुषोत्तम मास में श्री रघुनाथ मंदिर में श्री रघुवीरदास जी महाराज के सानिध्य में पोपटराव सपत्नी ने पोथी पूजन व आरती का लाभ प्राप्त किया, श्री जयंतीलाल बाऊ सीसीजी द्वारा पूजन करवाया। रघुवीरदास जी महाराज द्वारा पुरुषोत्तम मास का महत्व के साथ भागवत कथा के माध्यम बताया एवम श्री कृष्ण लीला काविस्तार से वर्णन किया। विप्र फाऊंडेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी,प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, प्रदेश सचिव ललित कुमार जोशी,ईश्वरदास वैष्णव नगर अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डा.कीर्ति आचार्य,नीलम जोशी, कामिनी नागर,चंद्रिका जोशी एवं समस्त सदस्यों द्वारा महाराज का एवं व्यासपीठ का बहुमान किया गया।भक्तगणों ने संगीतमय कथा का आनन्द लिया। पंच पिपली चोक नेमा महाजन समिति के नीतिन शाह, विवेक मेहता, अवधेश शाह,अश्विनी शाह, चंकी शाह, नगीन शाह राजेन्द्र गुप्ता अनिल कोठारी,राहुल सराफ का सहयोग रहा। ये जानकारी विप्र फाऊंडेशन के जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने दी।

## विश्व युवा दिवस के अवसर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अरूण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा**




कुशलगढःस्व.मामा बालेश्वर दयाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशलगढ़ में विश्व युवा दिवस के अवसर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा लोकतंत्र का मुख्य स्तंभ है। युवाओं को सकारात्मक सोच रखते हुए धैर्य व दृढ़ निश्चय के साथ लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए ।मतदाता जागरुक क्लब प्रभारी नरेन्द्र कुमार ने 1 अक्टुबर 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। कन्हैयालाल खांट ने युवाओं को निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान की शपथ दिलवाई तथा ईवीएम द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत करवाया। विद्यार्थियों ने मैं जागरुक मतदाता थीम पर सेल्फी स्टेण्ड द्वारा सेल्फी लेकर अधिका से अधिक मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहायक आचार्य कमलेश मीना,डॉ योगेश वर्मा ,माखन सिंह मीना,मोहित चुहाडिया, हिमांशु शाण्डिल्य,कैलाश चन्द्र,प्रवीण कुमार उपस्थित रहें। ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी।

## तिजारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन आज होगा

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा देश के वीर शहीदों के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का होगा आयोजन आज होगा रैली के संयोजक संदीप दायमा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा जो अभियान 13-15 तक देश व्यापी चल रहा है उसी के उपलक्ष्य में कल 10 बजे मनसा चौक से तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल ट्रैक्टर वे गाड़ियों के भिवाड़ी से प्रारंभ होकर टपुकड़ा पहुँचेगी और उसके बाद शहीद स्मारक पर सैनी विधालय के सामने श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे करने के बाद रामलीला मैदान पर पहुँचेगी जिसका समापन होगा जिसको भाजपा के शीर्ष नेतृत्व संबोधित करेगा कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा के लिए आज बैठक हुई जिसमें मंडल अध्यक्ष बने सिंह विनय यादव वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम एडवोकेट कुलदीप यादव ओमवीर चौहान पवन सिंह चौहान पारस निरंजन सेन भजन चावड़ा हरचंद जाटव चरण चावड़ा मुकेश सेन अमित अनिल बंसल सुरेंद्र गुप्ता मुकेश विरेंदर सैनी कपिल गुप्ता राकेश आदि मौजूद रहे

## कोर्ट स्टे के बावजूद दबंग जबरन कर रहे पीड़िता के मकान पर निर्माण

**मरुधर विशेष/संवाददाता शिवकुमार मौर्य**

बाजार शुक्ल अमेठी थानाक्षेत्र के रहमतगढ़ गांव में स्टे के बावजूद दबंगों द्वारा प्रशासन से मिलीभगत कर निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। जहां कि निवासिनी आसिया बानो पत्नी अहमद अली ने अपनी जमीन गाटा संख्या 908 में मकान नम्बर 365 स्थित में बेसमेण्ट टाइप कमरा बनाकर दुकान फर्नीचर का किया था। विपक्षीगण आरती पत्नी तिकलेश, तिकलेश सुत श्रीराम निवासीगण ग्राम शनिचरही बाजार परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी, अनिल सुत शिववरन, साकिन हरचन्दपुर परगना सुबेहा तहसील हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी जो पैसे वाले तथा भूमाफिया है । पीड़िता का आरोप है कि पुलिस से संरक्षण पाकर उसके मकान को कब्जा कर बेसमेंट के ऊपर दीवाल उठाकर लिण्टर लाद रहे हैं।

## एक नजर

### नगर निगम भरतपुर महापौर अभिजीत ने कठूमर में की पत्रकार वार्ता

**मरुधर विशेष । दिनेश लेखी**

कठूमर। उपखंड मुख्यालय पर नगर खेड़ली रोड स्थित अहिंसा सर्किल के पास नगर निगम भरतपुर के महापौर अभिजीत कुमार जाटव द्वारा कठूमर में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता के दौरान अभिजीत कुमार जाटव से



पूछा गया कठूमर क्षेत्र की जनता अपने क्षेत्र के व्यक्ति को छोड़कर आपको मतदान क्यों करेगा जिस पर अभिजीत कुमार जाटव ने कहा कि कठूमर क्षेत्र शिक्षा, बिजली, पानी और रोजगार के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है। अब तक किसी भी प्रतिनिधि के द्वारा इन जन समस्याओं को सुलझाया नहीं गया। यह समस्याएं जस की तस बनी हुई है क्षेत्र के युवा रोजगार के लिए बाहर पलायन कर रहे हैं। एक दो सड़कों को छोड़कर गांवों की सड़कों की हालत खराब है। शिक्षा के क्षेत्र में कहीं विद्यालय के लिए भवन नहीं है तो कहीं शिक्षक नहीं है। गांव में पीने की पानी की समस्या विकराल बनी हुई है। मैंने यह दृढ़ निश्चय किया है। मैं कठूमर क्षेत्र की तस्वीर को बदल दूंगा मुझे प्रशासनिक, राजनीतिक और व्यापारिक रूप से काफी अनुभव है। और एस.सी समाज सहित मुझे सर्व समाज पर भरोसा हूँ। क्षेत्र के विकास को प्रमुखता के साथ जन सेवा के जीवन उद्देश्य को पूरा करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के अनेक समस्याओं को लेकर चर्चा भी हुई।

### अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

किशनगढ़ बस 12 अगस्त। निर्वाचन विभाग की और से अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय



किशनगढ़ बास में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। बीएलओ राजीव चौधरी ने बताया की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मॉक वोटिंग ड्रिल द्वारा विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।नए,युवा व आम मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई,साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया और आम व युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।इस दौरान बीएलओ राजीव चौधरी और विक्रम सोनी , ईवीएम सह प्रभारी मनोज कुमार ,संस्था प्रधान सुनीता खेमानी और विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर दिव्यांग बच्चों ने निकाली रैली

**मरुधर विशेष/ जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

बहरोड़। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को मंथन स्पेशल स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।मंथन सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि महोत्सव



की शुरूआत में नीमराना निवास प्रकाश सनप द्वारा उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ३बिलीव इन ह्यूमैनिटी, स्प्रेड हैप्पीनेस बाय गिविंग३ की थीम पर दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर तथा तिरंगे के कलर के गुब्बारे बच्चों को देकर तीनों रंगों का महत्व बताया एवम फल तथा उपहार वितरित किए। साथ ही उनकी धर्मपत्नी रूपाली सनप ने हल्दी कुमकुम संस्कार द्वारा हमारी संस्कृति से परिचय कराया।तत्पश्चात बच्चों व स्टॉफ द्वारा मंथन स्पेशल स्कूल से भारत माता का जयघोष करते हुए रैली निकाली जिसका समापन बालिका विद्यालय के समीप किया गया। महोत्सव के दौरान मंथन संस्थापक डॉ पीयूष गोस्वामी, उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, शालिनी शर्मा, नम्रता यादव अंकित सेन, रूपाली सनप, आकांक्षा, आदित्य, कुमकुम तंवर, सुसपना सुतार, सतेंद्र कुमार सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय स्वत्रनतता दिवस समारोह की तैयारियो में जूटा प्रशासन

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 12 अगस्त। जिला मुख्यालय खैरथल में पहली बार आयोजित किये जा रहे भव्य आयोजन को सफल बनाने को लेकर जहाँ प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी जी जान से जुटे हुए है वही दूसरी और



स्थानीय लोगो में भारी उत्साह देखा जा रहा है।स्थानीय सीनियर हायर सेकेण्डरी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार शाम को पुलिस की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गई जिसे देखने शहर के लोग उमड़ पड़े। पहली बार पुलिस टुकड़ी के कदमताल को देखकर काफी रोमांचित हुए। खैरथल पुलिस लाइन के प्रभारी मेजर हवलदार वीरसिंह व सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया की तीन प्लाटून की टुकड़ियों में 93 पुलिस कर्मी हिस्सा ले रहे है।जिसमे एक टुकड़ी आरएसी जवानो की है दूसरी राजस्थान पुलिस की तथा तीसरी टुकड़ी में पुलिस के प्रशिक्षित जवान हिस्सा ले रहे है। इस अवसर पर किशनगढ़ बास के नए डीएसपी सुरेश कुड़ी, खैरथल थानाधिकारी अंकेश कुमार व रघुवीर सिंह शारीरिक शिक्षक भी मौजूद रहे।

### भाजपा द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को वंदन कार्यक्रम

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी/चिरमिरी। भाजपा द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को वंदन कार्यक्रम के तहत चिरमिरी मंडल के मोहन नगर हल्दीबादी में वीर शहीद राजेश



पटेल जी के शहीद स्मारक में जाकर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। साथ ही शहीद परिवारजनों के साथ मिलकर हाथ मे मिट्टी लेकर पंच प्रतिज्ञा लिया गया एवं पवित्र मिट्टी को एकत्रित किया गया। इस दौरान शहीद राजेश पटेल के परिवारजनों का सम्मान साल और श्रीफल से किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, रामलखन सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुशील सिंह, पूर्व महापौर डंबरू बेहरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, संजय सिंह, अरविंद अग्रवाल, मनीष खटिक, संस्कार केशरवानी, हिमांशु केशरवानी, सोनू दुवे, राजेंद्र दास सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पानी को लेकर हुआ आपसी विवाद, विवाद में भाई ने चेचर भाई की खुन से बुझाई प्यास

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

बलरामपुर / जिले के पण्डरी में कुआं का पानी का उपयोग करने की विवाद में आरोपी ने कुल्हाडी से मारकर चचेरे भाई की कर हत्या दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक एवं आरोपी के पिता दोनो संगे भाई हैं दोनो के घर के बीच पुस्तैनी कुआं के पानी का उपयोग करने की बात को लेकर कुछ दिनों से दोनो के मध्य वाद विवाद होता रहता था आरोपी द्वारा जब भी शराब पीता था तो गाली गलौज कर टंगिया लेकर मृतक को धमकी दिया




करता था फिर भी दोनो के मध्य बात चीत उठना बैठना होता था किन्तु दि 11 अगस्त को आरोपी सुबह से शराब पी रहा था जो अपने घर के पास से मृतक को गाली गलौज कर कुआं का पानी पीने व उपयोग करने से मना कर रहा था तो मृतक द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी ने कुल्हाड़ी से गर्दन के पास वार कर गहरा जख्म पहुंचाया तब तक पडोसी विरेन्द्र खैरवार व उसके साथ रामजीत भी पहुंचकर बीच बचाव करने का कोशिश किये किन्तु इन्हे भी आरोपी द्वारा धमकाया गया मृतक ने आरोपी के कुल्हाडी को छीनकर घयल अवस्था में खून से लथपथ अपने घर तरफ भागते जा रहा था जो खेत में गिर गया और मृत्यु हो गया। हल्ला गुल्ला सुनकर गांव वाले इकट्ठे होने लगे तो आरोपी फरार हो गया। आरोपी भागकर उत्तर प्रदेश के सीमा से लगे जंगल में ग्राम गिरवानी के पास छिपकर था जिसका पतासाजी हेतु दो पुलिस टीम लगाकर लगातार पता तलाश किया जा रहा था जिसकी जानकारी अर्धरात्रि में मिलने पर घेराबन्दी करके हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से पुछताछ किया जा रहा है।

# आईजी ने निगरानी हिस्ट्रीशीट खोलने तथा जिला बदर की कार्यवाही करने के दिए निर्देश, साईबर फ्रॉड के मामलो में तत्काल अपराध पंजीबद्ध करने का निर्देश

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

कोरिया / पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग (भा.पु.से.) जिला कोरिया के दौरे पर रहे, जिले के राजपत्रित अधिकारी व सभी थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक भी लिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल द्वारा जिले की सामान्य जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान आईजी सरगुजा श्री गर्ग ने सभी थाना-चौकी प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर उनके प्राथमिकताओं के बारे में अवगत कराया और सभी प्रभारियों से उनके थानों में लंबित अपराधों के बारे में जानकारी ली और विवेचना से जुड़े बारीकियों से अवगत होते हुए निराकरण के निर्देश दिए साथ ही उनके क्षेत्र की गतिविधियों को जाना।



**लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश.**

आईजी श्री गर्ग द्वारा जिले के लंबित प्रकरणों की अनुभागवार, थानावार विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित चिटफण्ड के मामलों का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि पेंडिंग मामलों का यथाशीघ्र निकाल करने हेतु निर्देश दिए।

**आगामी विधान सभा चुनाव हेतु प्रभावी नियंत्रण.**

आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए जिलों में व्हीआईपी और व्हीव्हीआईपी के आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक ना हो, इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये, साथ ही निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक चुनाव कराने हेतु मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था की प्लानिंग करने और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देश दिए।

**आईजी के सख्त निर्देश अपराधियों की खैर नहीं.**

आईजी श्री गर्ग ने मीटिंग के दौरान कड़े रुख अपनाते हुए कहा कि जिले में आपराधिक प्रवत्ति के लोगों पर नजर बनाए रखने तथा उनके विरूद्ध निगरानी हिस्ट्रीशीट खोली जाए तथा जिला बदर की कार्यवाही करने हेतु सख्त निर्देश दिए।

**बाउंड ओवर की कार्यवाही करने के निर्देश.**

जमीन संबंधी विवाद के मामले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए अनिवार्य रूप से बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की रणनीति अपनाते हुए नशे के कारोबार के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**साईबर फ्रॉड के मामलो में तत्काल अपराध पंजीबद्ध करने का निर्देश.**

साइबर फ्रॉड एवं नकबजनी के मामलों में श्री गर्ग द्वारा कहा गया कि ऐसे मामलों में तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड करने के साथ पीड़ित के रुपए वापस दिलाए जाने की हर संभव प्रयास कर सभी प्रकिया का पालन करने कहा गया ।इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, एसडीओपी कविता ठाकुर, एसडीओपी सोहनत राजेश कुमार साहू, सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## जशपुर में एक किसान ने दे डाली कलेक्टर के समक्ष 15 अगस्त को आत्मदाह करने की चेतावनी पीड़ित ने कहा हमारा कोई न सुना तो अब जी कर क्या करें

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

जशपुर / जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक किसान ने प्रशासन वह पुलिस के द्वारा कार्यप्रणाली से तंग आकर कलेक्टर जशपुर के समक्ष आगामी स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को आत्मदाह करने की चेतावनी दे डाली है कांसाबेल तहसील केपूरा मामला जशपुर जिले के ग्राम पंचायत चेटबा का है जहां के दिलराम पिता पिलसाय जाति डोम ने जिला कलेक्टर जशपुर के समक्ष आत्मदाह की चेतावनी दी है जिसके बाद पूरे जिले हड़कंप मच गया है ।




**पीड़ित दिलराम**

इस संबंध में पीड़ित दिल राम ने अपने समाज को प्रेषित पत्र के माध्यम से बताया है कि गांव के ही शेष कुमार साहू, नीरज अंबस्ट, अमित अंबस्ट, चंदू साव, बजरंग प्रसाद गुप्ता, सलमोन तिर्की, चैतन साय, नेमहास तिर्की, के द्वारा मेरे संयुक्त खाते की भूमि खसरा नम्बर 395/3 रकबा 1.072 हे. एवम् 395/2 रकबा 0.607 हे. से काफी जमीन को ग्राम के सरपंच राजेश पैंकरा के सहयोग से जबरन एवम् छल कपट कर कब्जा कर लिया है। मै अत्यंत गरीब हू। इन लोगो के द्वारा मेरे ही जमीन को कमाने खाने नहीं देते है। मना करने पर इन लोगो के द्वारा गंदी गंदी गालियां एवं जातिगत गालियां देते हुए मारपीट किया जाता है ।

**समाज को दिया गया पत्र**

इस संबंध में आवेदक ने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से लिखा है की मै थाना कांसाबेल में सूचना देने गया था लेकिन वहां मेरी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, इसके पश्चात एस.पी. साहब जशपुर, पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, कलेक्टर जशपुर एवं अनुसूचित जाति आयोग तक अपनी गुहार लगाई लेकिन गाव के दबंगों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई एवं रोज रोज के प्रताड़ना से तंग आकर मानसिक रूप से परेशान होकर पीड़ित ने कलेक्टर जशपुर के समक्ष आत्मदाह की जानकारी अपने समाज को दे डाली है।

**पुलिस अधीक्षक को दिया गया पत्र**

आवेदक के आवेदन को अगर देखा जाए तो इसमें शासन कि लापरवाही साफ झलक रही है या फिर रसूखदारों ने शासन को अपने जेब में रख लिया है।पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मजबूरी में यह कदम उठाया गया लग रहा है।शासन प्रशासन को इस गंभीर विषय को तत्काल संज्ञान में लेकर जांच करनी चाहिए ताकि जो भी तथ्य हो सामने आ सके और जो भी दोषी हो उनके ऊपर कार्यवाही करनी चाहिए।

# प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की मैराथन बैठक

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

एमसीबी/आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा हमारी जनहितैषी सरकार में जनता को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।समीक्षा बैठक में एमसीबी के प्रभारी मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह है कि शासन स्तर पर जो भी दिशा-निर्देश दिये जाते हैं, उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करना सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश में सुशासन की स्थापना के लिये मुख्यमंत्री श्री बघेल के मंशानुसार व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र धारियों को मनरेगा के अंतर्गत भूमि समतलीकरण व अन्य कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किया जाये, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकें। किसी भी कारण से अस्वीकृत वनाधिकार पत्रों को फिर से रिव्यू करें और पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र वितरित करें। हितग्राहियों को मिलने वाले शासकीय योजनाओं से लाभ के संबंध में बेहतर प्रचार प्रसार करें।राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकृत करें। नगरीय निकाय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाये।




उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के सम्बन्ध में जनता के बीच में क्या प्रतिक्रिया है, इसकी जानकारी लेते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा, जिससे सरकार के अच्छे कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुँच सकें। प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारी से जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए खाद्य बीज की काला बाजारी न हो इसके लिए सतत रूप से दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। उन्होंने उप संचालक कृषि से राजीव गांधी किसान न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं से अधिक-अधिक कृषकों को लाभान्वित करने को कहा। गोधन न्याय योजना की समीक्षा में श्री मरकाम ने जिले के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट उत्पाद व गौठानों में कार्यरत स्व. सहायता समूहों की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक महिला स्व.सहायता समूह को जोड़ने के निर्देश दिये तथा जिले मे रीपा अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं को अधिक से अधिक स्व-रोजगार से जोड़ने को कहा। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत मरम्मत व अन्य निर्माण कार्यों की प्रगतिरत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूलों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी ली। श्री मरकाम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ सकें। प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। श्री मरकाम ने कहा कि सड़कें विकास की लाइफ लाईन होती है, अतः सड़कों का नियमित रूप से मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को दिये।

बैठक में उन्होंने जिला खनिज संस्थान न्यास योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की जानकारी ली तथा इस मद की राशि का उपयोग आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जिले के विकास कार्यों में करने को कहा। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावास -आश्रमों के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा की कन्या छात्रावासों-आश्रमों में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें साथ ही कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति छात्रावास परिसर में प्रवेश ना कर सके। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री ने अन्य विभागों की गहन समीक्षा करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ आमजनो तक पहुंचाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम के अंत कलेक्टर श्री नरेंद्र दुग्गा ने प्रभारी मंत्री का आभार प्रकट करते हुए ज़िले का स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

बैठक में सीजीएमएससी के संचालक एवं मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, जिला पंचायत के अध्यक्ष रेणुका सिंह, महापौर चिरमिरी कंचन जायसवाल, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्षा प्रभा पटेल, कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी श्री एलएन पटेल, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, निगम आयुक्त सुश्री लवीना पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर व मनेंद्रगढ़ एसडीएम अभिलाषा पैकरा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कृषि विभाग की उड़नदस्ता टीम ने किया बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**मरुधर विशेष, करन सोनी**

सरगुजा/ कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामाग्री जैसे बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रही है। संचालनालय कृषि रायपुर से उड़नदस्ता के रूप में उप संचालक कृषि उमेश सिंह तोमर के नेतृत्व में विकासखण्ड अम्बिकापुर के शुभम फर्टिलाइजर्स, विजय ट्रेडिंग कम्पनी एवं शंकर ट्रेडिंग कम्पनी, विकासखण्ड बतौली के मंगारी स्थित दीपक कृषि सेवा केन्द्र, विकासखण्ड सीतापुर के विनय एग्रो, विकास बीज भण्डार, किसान सेवा केन्द्र एवं रामकुमार सुभाष कुमार का औचक निरीक्षण किया



गया।निरीक्षण के दौरान शुभम फर्टिलाइजर्स के अनुज्ञप्ति में विक्रय अनुमति नहीं होने के कारण कार्बन स्टोन 20 कि.ग्रा., नैनो वाटर सोल्यूबल 24 कि.ग्रा., आनन्द विशाल 200 कि.ग्रा. विजय ट्रेडिंग कम्पनी में कीटनाशक अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण किये बिना विक्रय करने के कारण समस्त कीटनाशक एवं विकास बीज भण्डार सीतापुर के अनुज्ञप्ति में स्त्रोत प्रमाण पत्र दर्ज बिना विक्रय हेतु मोनोक्रोटोफास 36 प्रतिशत, एस.एल. 3 लीटर तथा रामकुमार सुभाष कुमार के अनुज्ञप्ति में विक्रय अनुमति नहीं होने के कारण आनंद विशाल 320 कि.ग्रा. इफको सागारिका 180 कि.ग्रा. व कालातीत दवा होने कारण थाईमेयाक्सान 30 प्रतिशत एफ. एस. 2 लीटर स्कंध जब्ती कर सुपूर्दगी की कार्यवाही करते हुये आगामी आदेश तक विक्रय प्रतिबंध किया गया। साथ ही संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब तलब किया गया है।

### जमीनी विवाद में फायरिंग,वृद्ध को लगी गोली, आरोपी फरार

**मरुधर विशेष आमिर खान कामा**

कामां- कामां थाना क्षेत्र के गांव खानपुर में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक वृद्ध व्यक्ति पर फायरिंग कर दी छर्रा लगने से वृध्द व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों ने कामां अस्पताल में



भर्ती कराया`घटना की सूचना मिलने पर कामां थाना पुलिस मौके पहुंची लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे पुलिस ने दोनों पक्षों से समझाइस कर मामला शांत करा दिया है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव खानपुर निवासी रामहंस गुर्जर का रणवीर पक्ष से खेत की मेड को लेकर विवाद चल रहा है रविवार सुबह सात बजे रामहंस पुत्र भीमसिंह गुर्जर ट्रैक्टर से अपने खेत को जोत रहा था इसी दौरान रणवीर पुत्र श्रीराम व कन्हैया पुत्र रणवीर मौके पर आ गए और रामहंस गुर्जर पर फायरिंग कर दी फायरिंग के दौरान छर्रे रामहंस गुर्जर के सिर को छूते हुए ट्रैक्टर की छतरी को चीरते हुए बाहर निकल गए एक छर्रा सिर में लगने से रामहंस गुर्जर घायल हो गया फायरिंग करने वाले पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल पिता रामहंस को उसके पुत्र रामनिवास व जयप्रकाश ने लहूलुहान हालत मे कामां अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार जारी है मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा देने के बाद दोपहर को फिर से गॉव मे दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए लेकिन आरोपी गांव से फरार हो चुके थे

### जनेश भूटानी को सर्वसम्मति से किशनगढ़ बास रेडिमेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष किया नियुक्त

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**



किशनगढ़ बास 12 अगस्त। किशनगढ़ बास रेडिमेंट एसोसिएशन की बैठक में सर्व समिति से पूर्व सरपंच जनेश भूटानी को किशनगढ़ बास रेडिमेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। शनिवार को किशनगढ़ बास के सिंधी गुरुद्वारे में किशनगढ़ बास रेडीमेड एसोसिएशन की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व सरपंच जनेश भूटानी को किशनगढ़ बास रेडिमेंट एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इस मीटिंग में रेडीमेड एसोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### बिटिया विदुषी के जन्मदिन के पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**मरुधर विशेष/ विजय सिंह**

खैरथल 12 अगस्त। मानव जीवन में पेड़ पौधों का बहुत ही महत्व और योगदान है इस लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है बेटी के जन्मदिन पर



अनोखी पहल करते हुए एंजल अकैडमी स्कूल खैरथल की प्राचार्या श्रीमती ज्योति आडतानी ने दर्जनों पौधे रोपण कर नवजात पोती विदुषी को तोफा दिया है। इस अवसर पर किशन चंद सनतानी जयपुर, ईश्वर करम चंदानी , हनुमानगढ़, दौलत दरयानी सवाई माधोपुर, कमल दरयानी जयपुर, मोहन मुलानी, सवाईमाधोपुर, हेमा मुलानी सवाई माधोपुर, मनोहर मेहनानी जयपुर, डॉक्टर महेन्द्र दरयानी जयपुर और भाग्यश्री दरयानी जयपुर नवजात बेटी विदुषी व पिता डॉक्टर मोहित कुमार माता दिशा को आशीर्वाद दिया। नवजात विदुषी के दादा भगवान दास ने बताया कि उनके परिवार में करीब 25 साल बाद बेटी के रूप में पोती ने जन्म लिया है जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। बेटी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए शनिवार को पौधे रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वजनि के स्थान पर दर्जनों छायादार पौधे लगाए गए।

### बानसूर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

**मरुधर विशेष/रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - शनिवार को भाजपा नेता श्याम जगत सिंह तंवर के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।



तिरंगा यात्रा कस्बा हरसोरा के गौशाला से शुरू होकर हजारों की संख्या में देशभक्त युवाओं के साथ धीरपुर, देवसन ,खटोटी,बाबरिया,मुंगलपुर , गुंता शाहपुर,रामनगर होते हुए बानसूर पहुंची ।तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में बाइक और गाड़ियों का काफिला मौजूद रहा। जिसमें युवाओं ने देशभक्ति नारों के साथ रंगा रैली निकाली। इस दौरान पूरा बानसूर क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। यात्रा में 5 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार रही। देशभक्ति गीतों ने युवाओं के जोश को सरोबार कर दिया। तिरंगा यात्रा के गांवों में पहुंचने पर जगह-जगह ग्रामीणों ने फूल बरसा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान भाजपा नेता श्याम जगत सिंह तंवर और युवाओं ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तिरंगा यात्रा हरसोरा से चलकर बानसूर पहुंची। बानसूर में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में युवाओं की भीड़ मौजूद रही।

### हर घर तिरंगा मुहिम को सफल बनाने का आह्वान

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर 12 अगस्त। भारत सरकार की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाकघर में भी राष्ट्रीय ध्वज मिलेंगे। 25 रुपए का भुगतान कर राष्ट्रीय ध्वज ले सकते हैं। डाक विभाग ने संस्था, राजनीतिक पार्टी, स्कूल और अन्य समाजसेवी संगठनों से अभियान को



सफल बनाने की अपील की। सहायक डाक अधीक्षक चंद्रेश मीणा ने बताया कि 13 से 15 अगस्त को हर घर तिरंगा मुहीम को सफल बनाने के लिए डाकघर की मुख्य भूमिका होगी। कोई भी व्यक्ति मात्र 25 रुपए का भुगतान कर अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा खरीद सकता है। सहायक डाक अधीक्षक चंद्रेश मीणा ने बताया कि तिरंगा झंडा खरीदने के लिए डाकघर विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। इसके पश्चात पोर्टल पर दिए पते पर पोस्टमैन द्वारा झंडा वितरण कर दिया जाएगा। जिसका कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। प्रत्येक डाकघर में बिक्री के लिए तिरंगे झंडे उपलब्ध करवाए गए हैं। मीणा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की की गई है। जिसके तहत पूरे भारत में सभी डाकघरों में तिरंगे झंडे बेचे जा रहे हैं। संस्था, राजनीतिक पार्टी, स्कूल और अन्य समाजसेवी संगठन अपने नजदीकी डाकघरों से ऑर्डर बुक कराने की अपील की है। जिसकी डिलीवरी डाक विभाग द्वारा बिना किसी अतिरिक्त उनके कर दी जाएगी।

### एकलव्य दर्पण पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आज

**मरुधर विशेष/जिला रिपोर्टर हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। रविवार सुबह 10:30 बजे क्लब हाउस, महागुन माइवुड्स, ग्रेटर नोएडा वेस्ट (नोएडा एक्सटेंशन) में एकलव्य दर्पण पुस्तक (काव्य संग्रह)



लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन काव्य कॉर्नर फाउंडेशन (एन.जी.ओ.), इसकी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉक्टर पूजा सिंह गंगानिया द्वारा किया जाएगा। कार्यकर्म में अलवर से एकलव्य दर्पण पुस्तक के सह लेखक डॉ. विपुल कुमार भवालिया एवं सह लेखिका श्रीमती कविता डूमोलिया भी इस भव्य समारोह में भाग लेंगे एवं इस कार्यक्रम में ये दोनों को किया जायेगा सम्मानित।